**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1298**
**मंगलवार, 11 फ़रवरी, 2025/22 माघ, 1946 (शक) को उत्तरार्थ**

**पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री के लिए पीएसीएस योजना**

**†1298. श्री सतीश कुमार गौतम:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को डीजल, पेट्रोल और एलपीजी गैस बेचने की अनुमति देने के लिए कोई योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इन उत्पादों की बिक्री के लिए सरकार द्वारा क्या पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(घ) क्या इस योजना के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से आवश्यक अनुमति ली गई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) से (ङ): जी हाँ, मान्यवर । सरकार ने प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को पेट्रोल/डीजल खुदरा आउटलेटों और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के प्रचालन की अनुमति दी है । इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नियमित और ग्रामीण खुदरा आउटलेटों के लिए डीलरों के चयन हेतु संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं और साथ ही एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के चयन के लिए एकीकृत दिशानिर्देश भी जारी किए हैं ।

संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार पैक्स को खुदरा पेट्रोल/डीजल डीलरशिप के लिए कंबाइंड कैटेगरी- 2 (CC-2) और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए कंबाइंड कैटेगरी (CC) के अंतर्गत शामिल किया गया है जिसके लिए वे तेल विपणन कंपनियों (OMCs) द्वारा जारी विज्ञापनों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । इसके अलावा, पैक्स को अपने थोक उपभोक्ता पंपों को खुदरा आउटलेटों में परिवर्तित करने का वन-टाइम विकल्प भी दिया गया है, जिसके लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं ।

दिशा-निर्देशों में पात्रता मानदंड भी परिभाषित किए गए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेटों और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदक पैक्स द्वारा पंजीकरण, भूमि की उपलब्धता, वित्त, आदि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना शामिल है ।

तेल विपणन कंपनियों (OMCs) द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, 25 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से 286 पैक्स ने खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से तेल विपणन कंपनियों द्वारा 26 पैक्स का चयन किया गया है । पैक्स थोक उपभोक्ता पंप को खुदरा आउटलेटों में परिवर्तित करने के अंतर्गत तेल विपणन कंपनियों की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि 5 राज्यों के 116 पैक्स इस परिवर्तन के लिए सहमत हो गए हैं और 56 पैक्स ने कार्य आरंभ कर दिया है । एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए झारखंड राज्य में 2 विज्ञापित स्थलों के लिए 2 पैक्स ने आवेदन किया है ।

*****